# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 30.11.2022

**#उबर टेक्सी में एनआरआई द्वारा गलती से छूटे बैग को थाना बिसरख पुलिस द्वारा ढूंढकर वापस लोटाया, बैग के अंदर एनआरआई की बेटी की शादी के लिये 01 करोड की ज्वैलरी रखी हुयी थी। एनआरआई ने बिसरख पुलिस का धन्यवाद करते हुये जताया आभार।**

आज दिनांक 30.11.2022 को प्रार्थी श्री निखिलेश कुमार सिन्हा पुत्र श्री कृष्ण चन्द्र सिन्हा पताः ए-202 समृद्धि ग्राण्ड एवेन्यु आम्रपाली ग्रीन वैली, टेक जोन 4, ग्रेटर नोएडा वेस्ट द्वारा थाना बिसरख पर सूचना दी कि हम लोग लदंन में रहते है और अपनी पुत्री की शादी के लिए ग्रेटर नोएडा आये थे और अपने सामान सहित गौर सरोवर पोर्टिको होटल गौर सिटी 1 पहुँचे तो हमसे अपना एक बैग जिसमें शादी से सम्बन्धित समस्त गहने आदि थे वह उबर टैक्सी गाड़ी संख्या यूपी 14 एफटी 4003 में छूट गया है। इस सूचना के आधार पर थाना बिसरख पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित वाहन के रजिस्ट्रेशन नम्बर की जाँच करते हुए पता ट्रेस करने हेतु उबर ऐप के गुरूग्राम कार्यालय पर जाकर वाहन की लाइव लोकेशन प्राप्त करते हुए लालकुँआ जनपद गाजियाबाद से वाहन व चालक को पकड़ा गया चालक द्वारा बताया गया बैग पीछे डिग्गी में रखा हुआ था मुझे जानकारी नही थी बैग में ताला लगा हुआ था बैग को मय चालक व वाहन के थाना बिसरख लाकर प्रार्थी व उसके परिजनों के सामने खोला गया तो इनके समस्त गहने जिनकी कीमत लगभग 1 करोड़ रूपये है बैग में सुरक्षित पाये गये जिनको प्रार्थी श्री निखिलेश कुमार सिन्हा के सुपुर्द किया गया पुलिस द्वारा किये गये इस कार्य का एनआरआई द्वारा आभार व्यक्त किया गया।



**#पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में आज दिनांक 30.11.2022 को  डीसीपी ट्रेफिक गणेश प्रसाद के नेतृत्व में सेक्टर 14 ए यातायात पुलिस कार्यालय पर कार्यक्रम आयोजित कर यातायात माह नवंबर का किया गया समापन, इस माह कमिश्नरेट के विभिन्न स्कूलो,कालेजो,बस स्टैंड आदि जगहो पर लोगो को जागरूक करते हुये यातयात नियमों से अवगत कराया गया साथ ही सडक दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को कम करने के लिये विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया गया।**

**यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए 40,694 ई-चालान व कुल 16,59,800/- रूपये शमन शुल्क वसूल कर राजकीय कोष में जमा कराया गया। वायु प्रदूषण व अन्य कारणों से 280 वाहन सीज किये गये। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में वर्ष 2022 में कुल 5,26,128 ई-चालान व 2,87,65,900/- शमन शुल्क राजकोष में जमा कराया गया।**

यातायात माह के दौरान यातायात पुलिस गौतमबुद्धनगर द्वारा जनपद में विभिन्न ट्रांसपोर्ट यूनियनों, ऑटो-टैम्पों, कैब, ई-रिक्शा चालकों एवं रोडवेज डिपो के चालक/परिचालक, विभिन्न कम्पनियों में कार्यरत कुल 4230 व्यक्तियों तथा 56 स्कूल/कॉलेजों 210 शिक्षकों, 12310 छात्र-छात्राओं को तथा विभिन्न स्थानों पर कुल 30 नुक्कड नाटक के माध्यम से पर्यावरण व यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी दी गयी। साथ ही यातायात नियमों के पालन करने की शपथ दिलाई गयी। यातायात माह नवम्बर 2022 में आमजन एवं पुलिस कर्मियों को पर्यावरण एवं सडक सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूकता हेतु विभिन्न एन0जी0ओ0 जैसे- दैनिक जागरण, जागृति लीला मैमोरियल फाउण्डेशन, सार्प,  7 एक्स वेलफेयर सोसायटी, शेयर एन0जी0ओ0 तथा आर0डब्लू0ए0 का सहयोग प्राप्त हुआ।

इस माह के दौरान स्वास्थ्य एवं नेत्र शिविरों का भी आयोजन किया गयाः-

1.दिनांक 12.11.2022 को सैक्टर 37 पर नेत्र शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 375 ऑटो/ई-रिक्शा चालकों के नेत्रों की जांच करायी गयी।

2.दिनांक 20.11.2022 को कन्टेनर डिपो दादरी पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर 150 व्यक्तियों के नेत्र/स्वास्थ्य की जांच करायी गयी।

3.दिनांक 30.11.2022 को पुलिस कन्ट्रोल रूम सैक्टर 14ए पार्किंग में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर 140 यातायात/नागरिक पुलिस के अधिकारी/कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच करायी गयी।

प्रशिक्षण-

1.यातायात माह के दौरान सेक्टर 108 पुलिस आयुक्त कार्यालय के ट्रैफिक पार्क में सडक सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत 250 स्कूली छात्र/छात्रों को यातायात सकेंत/यातायात नियमों का प्रशिक्षण दिया गया।

2.यातायात माह के दौरान पुलिस कन्ट्रोल रूम सैक्टर 14ए पर्किंग में यातायात में नियुक्त 225 पुलिस कर्मियों को यातायात संचालन का प्रशिक्षण दिया गया।

जागरूकता-

इस वर्ष यातायात माह नवम्बर 2022 जागरूकता कार्यक्रम के लिए मुख्य रूप से स्कूल/शैक्षिक संस्थानो को चुना गया।

1. दिनांक 09.11.2022 को पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर 108 नोएडा के प्रांगण से पर्यावरण एवं सडक सुरक्षा हेतु बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

2.यातायात माह मे शेयर एन0जी0ओ0 (एलजी इलेक्ट्रानिक) तथा यातायात पुलिस की रोड सेफ्टी सैल द्वारा कमिश्नरेट मे कुल 30 नुक्कड नाटक और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

3.दिनांक 27.11.2022 को फोर्टिस आस्पताल सैक्टर 62 द्वारा लंग्स कैंसर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण एवं सडक सुरक्षा हेतु इलैक्ट्रिक बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

4.दिनांक 27.11.2022 को जागृति लीला फाउन्डेशन के सहयोग से प्रदूषण व यातायात जागरूकता रैली का आयोजन सैक्टर 101 हनुमान मूर्ति से किया गया।

5.यातायात माह नवम्बर 2022 के दौरान यातायात पुलिस की रोड सेफ्टी सैल द्वारा कुल 45 स्थानो पर एलईडी वैन पर सॉर्ट वीडियो दिखाकर 6820 आमजनो को यातायात नियमो के प्रति जागरूक किया गया।

6.हस्ताक्षर अभियान के दौरान विभिन्न स्कूल/कॉलेजों के छात्र-छात्राओं कुल 2500 को ट्रैफिक वालंटियर बनाया गये तथा 10000 ओर बनाये जाने का लक्ष्य है

7.यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु कमिश्नरेट के विभिन्न तिराहों/चौराहों/स्टैण्ड पर शपथ दिलाई गयी।

<u>वर्ल्ड-डे ऑफ रिमेन्मबरेन्स फॉर रोड ट्रेफिक विक्टिम्स-</u>

प्रत्येक वर्ष की भांति नवम्बर माह के तृतीय रविवार दिनांक 20.11.2022 को वर्ल्ड-डे ऑफ रिमेन्मबरेन्स फॉर रोड ट्रेफिक विक्टिम्स कार्यक्रम में जनपद में एक वर्ष में विभिन्न सडक दुर्घटनाओं में मृत 354 व्यक्तियों को नोएडा प्रवेश द्वार पर ज्योति प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी गयी।

कोहरे को दृष्टिगत रखते हुए 920 वाहनों पर रिफ्लैक्टिव टेप लगायी गयी अभियान आगे निरन्तर जारी रहेगा।

<u>प्रवर्तन अभियान-</u>

माह नवम्बर 2022 में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए 40,694 ई-चालान व कुल 16,59,800/- रूपये शमन शुल्क वसूल कर राजकीय कोष में जमा कराया गया। वायु प्रदूषण व अन्य कारणों से 280 वाहन सीज किये गये। जनपद गौतमबुद्धनगर में वर्ष 2022 में कुल 5,26,128 ई-चालान व 2,87,65,900/- शमन शुल्क राजकोष में जमा कराया गया। जनपद में पूर्व चिन्हित 35 ब्लैक स्पॉट को एआरटीओ, पीडब्ल्यूडी व सम्बन्धित विकास प्राधिकरण से सम्पर्क स्थापित कर व्यापक सुधार की कार्यवाही कर 20 ब्लैक स्पॉट समाप्त किये गये वर्तमान में 15 ब्लैक स्पॉट शेष है सुधार की कार्यवाही प्रचलित है। यातायात पुलिस द्वारा आमजन को सुलभ व सुचारू यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराने के साथ-साथ निरन्तर यातायात जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन करने का संकल्प लिया गया। साथ ही ऑनलाइन व ऑफलाइन प्राप्त 210 चालानो की शिकायतों का निस्तारण किया गया।



